## खास-खबरें

### कलेक्टर ने चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा उपायो के नियमित रिहर्सल के दिए निर्देश

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज के साथ अन्य प्रतिष्ठानो में सुरक्षा उपायो के प्रबंधो का रिहर्सल निर्धारित समय अंतराल पर अनिवार्य रूप से करने के निर्देष दिए हैं। सावधानियां बरतने के साथ उपयोग में लाए जाने वाले उपकरणो का भी परीक्षण सतत करते रहें। कलेक्टर द्वारा इस संबंध में सभी एसडीएमो को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्रों के शासकीय और निजी अस्पतालो में सुरक्षा के पैरामीटरो की जाँच अवश्य कराते रहें। उन्होंने विद्युत व्यवस्था के कारण होने वाली अनहोनी को रेखांकित करते हुए कहा कि कई बार पावर शार्ट सर्किट होने से आगजनी घटनाएं घटित हो जाती है, इसको ध्यानगत रखते हुए अस्पताल संचालको की पृथक से बैठक आहूत कर उन्हें सुरक्षा उपायो के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देशो से अवगत कराकर उनके द्वारा पालन किया जा रहा है कि नहीं का निरीक्षण करें।

### कलेक्टर ने किया मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विदिशा नगर में संचालित मेडिकल स्टोर्स का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी सहित अन्य चिकित्सक साथ उपस्थित रहे। पुराने जिला चिकित्सालय के समीप संचालित बालाजीश्री मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधात्मक दवा पाए जाने की आशंका को ध्यांगत रखते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

# बुधनी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न

## रिटर्निंग अधिकारी ने विजेता अभ्यर्थी भार्गव को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया



सीहोर। बुधनी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना आज शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढ़ंग से सम्पन्न हुई।

मतगणना परिणाम के अनुसार बुधनी विधानसभा उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री रमाकांत भार्गव को निर्वाचन आयोग द्वारा विजय घोषित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह की उपस्थिती में बुधनी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी श्री डीएस तोमर ने श्री रमाकांत भार्गव को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। श्री रमाकांत भार्गव को कुल 107448 मत प्राप्त हुए, जो कि निकटतम प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी श्री राजकुमार पटेल को प्राप्त मतों से 13901 मत अधिक है। श्री राजकुमार पटेल को 93577 मत प्राप्त हुए।

मतगणना महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में प्रातः 08 बजे प्रारंभ हो गई। मतगणना के लिए दो कक्षों में 14-14 टेबल लगाए गए थे तथा मतगणना की पूरी कार्रवाई 13 राउंड में संपन्न हुई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार जारी मतगणना परिणाम में श्री अर्जुन आर्य को 1379 मत, श्री आनंद कुमार श्याम को 221 मत, श्री धर्मेंद्र सिह पंवार(गोलु भैय्या) को 359 मत, श्री रामप्रसाद पटेल को 128 मत, साधना उइके को 1431 मत, श्री अजयसिंह राजपूत को 975 मत, श्री अब्दुल रशीद को 106 मत, श्री आरती शर्मा को 330 मत, श्री गजराज सिंह गॉजरकुई को 301 मत, श्री दिलीप सिंह तड़ावी भील को 1824 मत, दुर्गाप्रसाद सेन को 276 मत, श्री प्रदीप कुमार को 381 मत, श्री भीम सिंह बारेला को 831 मत, श्री राजकुमार को 849 मत, श्री रामपाल भुसारिया को 1115 मत, श्री विवेक कुमार को 857 मत, श्री सुजीप कीर को 559 मत, श्री सुधीर कुमार जैन को 114 मत तथा इनमें से कोई नही (नोटा) को 452 मत प्राप्त हुए।

निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करने के अवसर पर विधायक श्री सुदेश राय, विधायक श्री गोपाल सिंह इंजिनियर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रवि मालवीय, पूर्व विधायक श्री रामपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर भी उपस्थित थे।

### माँ वैत्रवती गंगा की 112 वीं महागंगा आरती संपन्न

**विदिशा ( निप्र )।** जिला माँ वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में विगत 15 वर्षो से एक-एक दिन की गणना के साथ माँ वैत्रवती गंगा को साफ-स्वच्छ, सुंदर, बारहमासी सदानीरा बनवाने शासन-प्रशासन, जनमानस और जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करने की जा रही नित्य गंगा आरती के माध्यम से यह अभियान अनवरत जारी है। इसी श्रृंखला में विगत सांयकाल स्थानीय बडबाला घाट माँ वैत्रवतीपुरम पर की जा रही नित्य गंगा आरती के 5601 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर 50 दिन बाद की जानेवाली महागंगा आरतियों की श्रृंखला में 112 वीं महागंगा आरती संपन्न हुई। इसमें नित्य गंगा आरती के संयोजक मानसेवी बेतवा पुत्र भजन गायक पं.मनीष चतुर्वेदी, चरणसिंह लोधी, देवेंद्रसिंह रघुवंशी, राजू झा, दातारसिंह रघुवंशी आदि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शिक्षक सुनील कुशवाह का जन्मदिन भी मनाया गया। इसी क्रम में आज से अगले 50 दिन सार्वजनहित के लिये पेड़ पौधों के माध्यम से महादेव से भोजपुर में माँ बेतवाजी और माँ नर्मदाजी का संगम करवाने, शासन को सदबुद्धि देने अहिंसात्मक आवाज के साथ एक-एक दिन की गणना के साथ चारों दिशाओं में नित्य गंगा आरती के साथ प्रार्थना करेंगे।

## थोड़े से प्रयासों से लाखों घरों में नल से जल पहुंचने लगेगा:पी.नरहरि



विदिशा (निप्र)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव पी नरहरि ने जिले में विभाग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए किए जा रहे प्रबंधो की समीक्षा की है। इस बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता केके सोनगरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। श्री नरहरि ने पेयजल आपूर्ति के लिए जिले में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि आप सबके थोडे से सफल प्रयासो से लाखो घरो में नल से जल पहुंचने लगेगा। उन्होंने जिले की सभी सिंगल विलेज स्कीम को मार्च 2025 तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसका मतलब यह नहीं कि एक दो दिन नल से पानी दिया और फिर गांव में वैसी ही परिस्थितियां बन जाए। स्कीम पूर्ण होने का मतलब निर्वाध रूप से घरो में नल से जल पहुंचाना है। उसमें किसी भी प्रकार के व्यवधान स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे जैसे की मोटर खराब हो गई, वोर धंस गया, पाइप लाइन टूट गई ये सब बहाने बिल्कुल मान्य नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल मिशन द्वारा सिंगल कनेक्शन पर 35 से 40 हजार रू. खर्च किए जा रहे है। वहीं, मल्टी स्कीम में तो 75 से एक लाख रू. तक वैल्यू आ रही है। इतनी राशि खर्च होने पर उसका परफार्मेंस खराब नहीं होना चाहिए। व्यवस्थाएं ऐसी हो कि स्कीम 25 से 30 वर्ष तक अनवरत रूप से चले। ठेकेदार यदि किन्ही कार्यो को करने में आनाकानी करता है तो अवलिम्ब दंडित करें।

उन्होंने विदिशा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घाटपिपरिया पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से संवाद कर नल से जल पहुंचाने की क्रास मानिटरिंग की। ग्राम के सचिव राहुल गुर्जर ने बताया कि सिंगल स्कीम योजना के तहत कुल 43 कनेक्शन है। सभी को सुबह पानी दिया जा रहा है। अब तक किसी भी प्रकार के व्यवधान नहीं आए है।

### जिले के खेल संघो की खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 के संबंध में बैठक आयोजित

**शाजापुर।** म.प्र. एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार खेलो इण्डिया की तर्ज पर खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024 द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जायेगा। जिसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए खेल संघ के सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाडी तथा जिले में संचालित प्रशिक्षण केन्द्रो के प्रशिक्षको के साथ गत दिवस समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री रविन्द्र हार्डिया ने बताया कि बैठक में खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024 के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर होने वाली चयन स्पर्धा एवं जिलास्तर होने वाली 19 खेलो की खेल प्रतियोगिताओ के बारे मे विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा अनुसार 01 से 11 दिसम्बर 2024 तक जिले के प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है एवं जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए 13 से 15 दिसंबर 2024 के मध्य जिला मुख्यालय पर बालिका वर्ग एवं बालक वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली चयन स्पर्धा में खेलो का चयन ट्रायल किया जा रहा है।

## राम जी की लगुन से शुरू हुआ विवाह महोत्सव 28 को होगी सीता जी की गोद भराई

गंजबासौदा। चक्रवर्ती भगवान रामराजा के विवाह महोत्सव की शुरुआत शनिवार को लगुन के साथ हो गई। राम जी की लग्न पत्रिका को गाजे बाजे के साथ सावरकर चौक स्थित हनुमान जी को सौंपी गई जहां चल समारोह के रूप में सदर बाजार स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर पहुंची। पूजा अर्चन के बाद लगुन पड़ी गई। 6 दिसंबर को नगर में धूमधाम से दोपहर 12 बजे चक्रवर्ती भगवान श्री राम जी के विवाह की भव्य बारात निकालकर विवाह महोत्सव मनाया जाएगा। 28 नवंबर को सीता जी की गोद भराई की रस्म होगी।

मालूम हो कि नगर में श्री रामरस धारा परिवार की ओर से पहली बार चक्रवर्ती श्री राम बारात महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है जिसकी शुरुआत शनिवार को राम जी की लगुन और मटियाने से हुई। जनक जी की भूमिका में वधु पक्ष की ओर से राजकुमार नेमा के निवास से लग्न पत्रिका गाजेबाजे और अन्य सामग्री के साथ चल समारोह के रूप में सावरकर चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। जनक पक्ष की ओर से लग्न पत्रिका को हनुमान जी को सौंपी गई जहां ढोल और पटाखों के बीच वधू पक्ष के लोग लग्न पत्रिका को लेकर सदर बाजार स्थित शिव मंदिर पहुंचे चल समारोह में जहां महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं,वहीं पुरुष वर्ग आनंद से नाच रहे थे। शिव मंदिर में लग्न पत्रिका का वाचन पंडित आशीष गोस्वामी ने करते हुए राम जी की बारात सहित की जाने वाली अन्य वैवाहिक गतिविधियों की सभी तिथियां को पढ़कर सुनाया। श्री रामरस धारा परिवार के संस्थापक पंडित अंकुर माधव महाराज ने बताया कि भगवान सीताराम जी का विवाह संस्कार एक उत्सव है। हमें विवाह की परंपरा सीताराम जी के विवाह से ही मिली है। 28 नवंबर को दशरथ की भूमिका में वर पक्ष की ओर से ओमप्रकाश नेमा सीता जी की गोद भरने के लिए जाएंगे। गांधी चौक स्थित कांच मंदिर पहुंची जहां जहां डलियों में मिट्टी भरकर भजन गाते हुए वैवाहिक परंपराओं का निर्वहन किया।

# खाद की कालाबाजारी पर कार्यवाही करें एवं नकली खाद एवं बीज की तुरंत जांच करें : कलेक्टर

**मंदसौर।**

**कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि, खाद को लेकर किसी प्रकार की कालाबाजारी न हो।**




कालाबाजारी की शिकायत होने पर तुरंत कार्यवाही करें। नकली खाद और नकली बीज के संबंध में लगातार जांच करें। कितनी खाद की रैंक आ रही है इसकी भी जानकारी रखें। साथ ही सोसायटी एवं नगद विक्रय खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण करें। खाद को लेकर किसानों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार मौजूद थे ।

स्वामित्व योजना अंतर्गत बेहतर कार्य नहीं करने पर खिलजीपुरा, बड़वन, रिंडा, रठाना, भाटरवास, फतेहगढ़, दलौदा चौपाटी, अजीज खेड़ी, राजाखेड़ी, रेवास-देवड़ा के पटवारी के वेतन रोकने की निर्देश दिए गए। सभी एसडीएम को निर्देश दिए की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उद्योग हेतु भूमि चयन की कार्यवाहियां समय पर पूर्ण करें। शासकीय भवनों के निर्माण के लिए भी भूमि चिन्हित करें। भूमि आवंटन के मामले को लंबित रखने पर एसडीएम पर सीधी कार्यवाही होगी।

राजस्व महाअभियान 3.0 में जितने भी पुराने नामांतरण, बंटवारा, रिकार्ड सुधार, सीमांकन, परंपरागत रास्तो का चिन्हाकन के प्रकरण निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें। पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का भी समय पर निराकरण करें। लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करें।

जिले के सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम किसान कल्याण योजना अंतर्गत किसान के आधार लिंक के शेष बचे किसानों के जल्द लिंक करें। साथ ही उनकी फार्मर आईडी बनाएं। कोई भी किसान शेष न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें।

बैठक के दौरान उन्होने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल पर सीमांकन, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा के आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें।

## 283 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा युनिटी माल

**उज्जैन।** हरिफाटक-इंदौर रोड़ बायपास पर करोड़ों रुपए की लागत से यूनिटी माल का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें एक ही स्थान पर शहरवासियों के साथ-साथ आने वाले श्रद्धालुओं को शोरूम, खाद्य दुकानें, रेस्टोरेंट, गेम जोन और मल्टीप्लेक्स की सुविधा मिलेगी।

यूनिटी मॉल का निर्माण उज्जैन विकास प्राधिकरण कर रहा है। 3.20 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 283.71 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे यूनिटी मॉल का निर्माण पिछले वर्ष ही शुरू हो गया था। यूनिटी मॉल निर्माण का उद्देश्य एक ही स्थान पर शहरवासियों के साथ देश-विदेश से उज्जैन आने वाले लोगों व श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यहां पर शोरूम, सक्टरीय दुकानें, कियोस्क, मध्यप्रदेश पविलियन, तकनीकी लोक, मिलेट, खाद्य दुकानें, रेस्टोरेंट, गेम जोन और मल्टीप्लेक्स की सुविधा भी लोगों को मिलेगी।

**तीन मंजिला मॉल, 36 शोरूम:** मॉल को ग्राउण्ड फ्लोर के अलावा तीन मंजिला बनाया जा रहा है। ग्राउण्ड फ्लोर में 12 शोरूम निर्मित होंगे वहीं फर्स्ट व सेकंड फ्लोर पर भी 12-12 शोरूम इस प्रकार कुल 36 शोरूम प्रति 99 स्क्वेयर मीटर के रहेंगे। यूनिटी मॉल में कुल 45 दुकानें, 27 फूट शॉप एवं रेस्टोरेंट, एक मल्टीप्लेक्ट रहेगा।

## खेल जीवन में सकारात्मकता बढ़ाते हैं: डा . अंजना

**जबलपुर।**

**मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन किया गया।**



प्रतियोगिता के समापन पर मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल की अध्यक्षता डॉक्टर अंजना तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेलों का बहुत अधिक महत्व है । खेल जीवन में सकारात्मकता को बढ़ाते हैं और इसका स्वास्थ्य में भी अनुकूल असर होता है। पढ़ाई के साथ खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

खेलकूद उत्सव में अनेक रोचक रेस जैसे वन लेग रेस, थ्री लेग रेस, बेलेंसिंग रेस, मास्क रेस, सहित अनेक रेस के अलावा भाला फेंक, रस्सी कूद, तवा फेंक, आदि का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्कूल बैंड दल एवं बच्चों का पी टी प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर शाला प्राचार्य श्रीमति शशि किरण श्रीवास्तव द्वारा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में नेशनल एवं स्टेट लेवल पर चयनित विद्यार्थियों के साथ खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को मध्यप्रदेश विद्युत महिला मंडल अध्यक्ष डॉक्टर अंजना तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति से प्रबंधक श्रीमती प्रतिभा पटेल ,सचिव श्रीमती प्रतिभा पाणी, महिला मंडल व पालनाघर प्रबंध समिति सदस्य, शाला की शिक्षिकाएं ,अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित थे ।

## जेसन स्कूल भाटखेड़ी बस एक्सीडेंट में साठ से ज्यादा बच्चे घायल

**पीथमपुर।**

**जेसन स्कूल की बस दिन के करीब 12 बजे जेएमके गार्डन ए बी रोड के पास खड़े हुए ट्रक में ड्राइवर ने घुसेड दी जिससे बस में बैठे हुए 60 से ज्यादा बच्चे प्रभावित हुए।**

कई बच्चों के हाथ पैर एवं सर से खून भी बहने लगा। बच्चों का कहना था कि ड्राइवर शराब पिए हुए था। और बस लहरा रही थी। बस में स्पीडोमीटर भी नहीं था। शासन के नियम के अनुसार बसों में सुरक्षा के लिए शासन के दिए हुए निर्देशानुसार उपकरण भी नहीं थे। ड्राइवर के पास भी गाड़ी चलाने का अनुभव नहीं था। दुर्घटना होने के तुरंत बाद ड्राइवर बस में बच्चों को छोड़कर भाग निकला। जेसन स्कूल ड्राइवर की शिकायत पालक भी कई बार कर चुके हैं। प्रबंधकों की लापरवाही सामने आ रही है। पूर्व में भी इंदौर आरटीओ को कई शिकायत की जा चुकी है। परंतु आरटीओ प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा सितंबर 2023 को ही फिटनेस खत्म हो चुका था।

जिलाधीश इंदौर को भी स्कूल में अनेक अनियमितताओं के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। दैनिक वेतन भोगियों को भी समय पर वेतन नहीं दिया जाता कलेक्टर रेट पर भी वेतन नहीं देने की शिकायतें हैं। लापरवाह प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज कर जिला बदर एवं संपत्ति जप्त की जाना चाहिए तथा स्कूल की मान्यता रद्द की जाना चाहिए।

## कालभैरव, विक्रांत भैरव, आताल-पाताल भैरव मंदिरों सुबह से शुरू हुए धार्मिक आयोजन

**उज्जैन।** भैरव अष्टमी पर शनिवार को भैरव मंदिरों में भक्ति का उल्लास छा गया। सुबह पट खुलने के साथ मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। इसके बाद दिनभर धार्मिक अनुष्ठान का क्रम जारी रहा। आज काल भैरव की शाम को सवारी निकलेगी।

सिंहपुरी स्थित आताल-पाताल भैरव मंदिर में श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज एवं आताल-पाताल महाभैरव भक्त मंडल के तत्वावधान में तीन दिवसीय आयोजन की शुरुआत शनिवार से हुई। मंदिर को फूलों से विशेष रूप से सजाया गया। सुबह 10 बजे मंत्रोच्चार के बीच बाबा का अभिषेक किया गया। मध्य रात्रि 12 बजे अन्नकूट, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आज रविवार शाम 6 बजे बाबा की सवारी निकाली जाएगी। 25 नवंबर को शाम 7 बजे बटुक कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा।

**विक्रांत भैरव को 56 भोग अर्पित:** श्री विक्रांत भैरव मंदिर में भैरव अष्टमी पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार सुबह 8 बजे आरती की गई। 10 बजे रूद्राभिषेक और सुंदरकांड पाठ हुआ। दोपहर 12 बजे चोला चढ़ाया गया और 2 बजे हवन हुआ। दोपहर 3 बजे आरती कर 56 भोग लगाया गया। शाम 6 बजे भजन, शाम 7 बजे रामायण पाठ एवं रात 11 बजे हवन और मध्यरात्रि 12 बजे आरती के साथ जागरण शुरू हुआ। आज 24 नवंबर की सुबह 8 बजे आरती के साथ आयोजन का समापन होगा।

**कालभैरव की सवारी आज शाम:** कालभैरव मंदिर में भैरव अष्टमी पर दो दिवसीय उत्सव मनाया जा रहा है। अलसुबह 6 बजे मंदिर के पट खुले और पूजन व आरती का क्रम शुरू हुआ। गेंदा और गुलाब से गर्भगृह को विशेष तौर पर सजाया गया। साथ ही भगवान कालभैरव का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# पलेवा के लिए पानी की मांग को लेकर किसानों ने किया चक्का जाम



**गंजबासोदा।**

यहां से 15 किलोमीटर दूर सिरोंज रोड पर बावड़ी स्टॉपेज पर किसानों ने पलेवा के लिए पानी न मिलने के कारण सिंचाई विभाग के खिलाफ चक्का जाम किया बताया जाता है कि घंटों चक्का जाम रहा किसानों ने बताया कि ग्राम उकायला सकराई, करैया ,आसट ,मलकपुर हरगनाखेड़ी आदि गांवों में सगड नहर का पानी नहीं पहुंच रहा जिससे किसानों को परेशानी हो रही है किसान अपने खेतों में पलेवा नहीं कर पा रहे है और जिनकी उनारी थी जिन्होंने वौअनी कर दी उनको सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा यह चार-पांच गांव की वेदना है किसानों का कहना है कि बलरामपुर से पानी का वहाव कम हो जाता है इसलिए यह समस्या उत्पन्न होती है नहर के निर्माण को 10 वर्ष से अधिक हो चुके हैं परंतु ऐसी आपदा पहले कभी नहीं आई किसानों को चक्का जाम करना पड़ा, सरपंच राजकुमार बघेल का कहना है कि इस क्षेत्र का किसान सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से परेशान हो गया है उन्होंने अधिकारियों पर किसानों को योजना वद्ध तरीके से परेशान करने का आरोप लगाया है चक्का जाम की सूचना मिलते ही अम्बानगर सर्किल तहसीलदार कविता पटेल सिंचाई विभाग के एसडीओ एवं पुलिस बल बावड़ी स्टॉपेज पर पहुंचा और किसानों से चर्चा हुई किसानों ने इस आश्वासन पर चक्का जाम बंद किया कि शीघ्र किसानों को नहर का पानी मिलेगा इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसडीओ से भी संपर्क हुआ उन्होंने बताया कि बिजली की अनियमित सप्लाई से पानी का दबाव कम आ रहा है इसके अलावा कई जगह नहर पर इंजन, मोटर पंप वगैरा से पानी उठाने पर यह स्थिति निर्मित हो रही है इसलिए भरपूर पानी नहीं आ पा रहा शीघ्र ही इस दिशा में मौके की कार्रवाई करेंगे और जरूरत पड़ी तो साथ में पुलिस बल को भी लेकर जाएंगे जहां भी गैरकानूनी तरीके से कोई पानी दे रहा या उठा रहा है उसको रोकेंगे और उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे किसानों का कहना है कि कोई आधा दर्जन गांवों के किसान पानी के लिए परेशान होते रहते है यदि समय अवधि में किसानों को पलेवा और सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला तो आंदोलन क्रमबद्ध किया जाएगा चक्का जाम होने से दोनों तरफ वाहनों की कतारे लग गईं लोग काफी परेशान हुए।